भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 313

05 फरवरी, 2024 को उत्तर के लिए

सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के इस्पात संयंत्रों की स्थिति

313. श्री संदीप कुमार पाठक:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सार्वजनिक क्षेत्र के किन-किन इस्पात संयंत्रों को रुग्ण माना जाता है;

(ख) सरकार द्वारा पिछले पांच वर्षों के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के रुग्ण उपक्रमों के पुनरुद्धार अथवा विनिवेश के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) उनके पुनरुद्धार अथवा विनिवेश के लिए सरकार की क्या योजना है;

(घ) सार्वजनिक क्षेत्र के किन-किन इस्पात संयंत्रों के विनिवेश पर विचार किया जा रहा है;

(ङ) विगत पांच वर्षों के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के प्रत्येक उपक्रम के इस्पात संयंत्र के लाभ या हानि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है और उनकी देयताएं क्या-क्या हैं; और

(च) विगत पांच वर्षों के दौरान किन-किन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के इस्पात संयंत्रों में कर्मचारियों के वेतन भुगतान में विलंब हुआ है और तत्संबंधी ब्यौरा और कारण क्या हैं?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)**

(क) से (ग): देश में इस्पात का विनिर्माण करने वाली तीन सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां हैं: स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल), एनएमडीसी स्टील लिमिटेड (एनएसएल) और राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल)। सेल, एनएसएल और आरआईएनएल रुग्ण सीपीएसई की श्रेणी में नहीं आते हैं।

(घ): इस्पात सीपीएसई के विनिवेश से संबंधित ब्यौरा नीचे दिया गया है:-

क्र.सं.	**पीएसयू/सहायक कंपनियां/इकाइयां**	**स्थिति**
1.	फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड (एफएसएनएल), एमएसटीसी लि. की सहायक कंपनी	कार्रवाई जारी है।

2.	एनएमडीसी लिमिटेड का नगरनार इस्पात संयंत्र (एनएमडीसी स्टील लिमिटेड (एनएसएल))	कार्रवाई जारी है।
3.	स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की इकाइयां • सेलम इस्पात संयंत्र, सेलम • अलॉय इस्पात संयंत्र, दुर्गापुर • विश्वेश्वरैया लौह एवं इस्पात संयंत्र, भद्रावती	I. सेलम इस्पात संयंत्र (एसएसपी) के रणनीतिक विनिवेश के लिए दिनांक 04.07.2019 को जारी की गई मौजूदा ईओआई को चयनित बोलीदाताओं की रूचि की कमी के कारण रद्द कर दिया गया था। II. चूंकि कोई रूचि की अभिव्यक्ति प्राप्त नहीं हुई, अलॉय इस्पात संयंत्र (एएसपी) के विनिवेश का प्रयास दो बार विफल रहा। III. वीआईएसपी के लिए जारी ईओआई चयनित बोलीदाताओं की रूचि की कमी के कारण रद्द कर दी गई थी।
4.	राष्ट्रीय इस्पात निगम (आरआईएनएल)	कार्रवाई जारी है।

(ङ): पिछले पांच वित्तीय वर्षों के लिए प्रत्येक पीएसयू इस्पात संयंत्र की देयताओं सहित उनके वर्षवार लाभ एवं हानि का विवरण निम्नानुसार है:-

(करोड़ रुपये में)

संयंत्र /इकाई		2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23
सेल	**कर पूर्व लाभ /हानि**					
	भिलाई इस्पात संयंत्र	509	1799	1096	2273	376
	दुर्गापुर इस्पात संयंत्र	279	-442	733	1071	639
	राउरकेला इस्पात संयंत्र	1472	-409	2106	5609	521
	बोकारो इस्पात संयंत्र	1916	48	2252	6064	841
	इस्को इस्पात संयंत्र	-402	-1092	67	636	340
	अलॉय इस्पात संयंत्र	-41	-99	-101	-88	-140

	सेलम इस्पात संयंत्र	-259	-346	-127	58	-241
	विश्वेश्वरैया लौह एवं इस्पात संयंत्र	-76	-75	-51	-36	-51
	देयताएं					
	भिलाई इस्पात संयंत्र	6198	6932	7004	7354	7311
	दुर्गापुर इस्पात संयंत्र	1760	1915	2120	1921	2349
	राउरकेला इस्पात संयंत्र	3547	3751	3834	7101	7713
	बोकारो इस्पात संयंत्र	3378	3127	3335	5982	4868
	इस्को इस्पात संयंत्र	1412	1271	1323	1511	1427
	अलॉय इस्पात संयंत्र	124	121	150	170	158
	सेलम इस्पात संयंत्र	351	276	411	454	406
	विश्वेश्वरैया लौह एवं इस्पात संयंत्र	88	80	81	84	77
आरआई एनएल	कर पूर्व लाभ (पीबीटी) #	-306.9	-4287.5	-1036.0	941.6	-3236.46
	देयताएं ##	27849.03	31448.01	30143.61	29943.75	33268.77
एनएसएल	लाभ और हानि	एनएमडीसी स्टील लिमिटेड ने दिनांक 31.08.2023 को वाणिज्यिक उत्पादन शुरू किया।				
	देयताएं	450.87	424.84	1602.3	3455.92	8519.63

वर्ष 2020-21 के लिए पुनःनिर्दिष्ट पीबीटी (विशिष्ट मदों के पश्चात्) (-) 1259.02 करोड़ रु. और पीएटी (-) 1012.16 करोड़ रु. ।

शेयरधारकों की इक्विटी को छोड़कर लेकिन गैर-मौजूदा देनदारियों और मौजूदा देनदारियों को शामिल करते हुए

(च): पिछले 5 वित्तीय वर्षों में, सेल, एनएसएल और आरआईएनएल में कर्मचारियों के वेतन भुगतान में कोई देरी नहीं हुई है।

*****